राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'श्रम दिवस' के अवसर पर श्रमिकों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 30 अप्रैल 2017

महामहिम राज्यपाल श्री राम नाथ कोविन्द ने 'श्रम दिवस' के अवसर पर समस्त भारत एवं बिहार के श्रमिकों को अपनी शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने शुभकामना–संदेश में कहा है कि श्रमिकों की परिश्रमशीलता, प्रतिभा एवं कार्यकुशलता से देश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता है। उनके अनवरत योगदान से देश एवं प्रान्त के विकास को गति और ताकत मिलती है। कोई भी राष्ट्र अपने श्रमिकों के योगदान को नहीं भुला सकता।

राज्यपाल ने श्रमिकों को समुचित सम्मान और सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है।

....